दिन– मंगलवार | दिनांक– 14 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में आज से राज्य स्तरीय सहयोग शिविर की शुरूआत। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्वयं सुनीं लोगों की शिकायतें।

02. बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए छब्बीस उम्मीदवारों के पर्चे वैध पाये गए। जनशक्ति जनता दल की वीणा मानवी समेत चौदह उम्मीदवारों के पर्चे रद्द।

03. ईरान–अमेरिका के बीच जारी सैन्य संघर्ष की चपेट में आने से गोपालगंज के एक युवक की मौत। दुबई में मर्चेंट शिप पर तैनात था युवक।

04. और, मौसम विभाग ने अररिया, किशनगंज, कटिहार, मधुबनी, पूर्णिया और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना में राज्य स्तरीय सहयोग शिविर की शुरूआत की। मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर स्थित संवाद भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने आवेदन प्राप्ति केंद्र और सहयोग पथ का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने उन आवेदकों की समस्याएं सुनीं, जो जिला स्तर पर आयोजित सहयोग कार्यक्रम में मिले समाधान से संतुष्ट नहीं थे। ब्यौरा हमारी संवाददाता से–

––रिपोर्ट––

राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में कुल 129 आवेदन दर्ज किए गए, जिनमें से 100 आवेदकों के मामलों का निष्पादन किया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी शिकायतों के निष्पादन में लापरवाही बरतेंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहयोग शिविरों के माध्यम से अब तक 90 प्रतिशत समस्याओं का समाधान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि शिविरों में प्राप्त शिकायतों का समाधान 30 दिनों के भीतर किया जा रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार तथा राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से निधि श्री।

राज्य स्तरीय सहयोग शिविर का आयोजन हर महीने के दूसरे मंगलवार को किया जायेगा। शिविर के लिए आवेदन सहयोग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकेगा। आवेदक अपने पहले से दर्ज आवेदन के रेफरेंस नंबर और मोबाइल नंबर के जरिए ओटीपी सत्यापन कर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। चयनित आवेदकों

को शिविर की तिथि, समय और अन्य आवश्यक जानकारी एसएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी। अधिक जानकारी हेल्पलाइन नंबर एक एक शून्य शून्य के माध्यम से ली जा सकती है।

———————————————————————

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल छब्बीस उम्मीदवारों के पर्चे वैध पाये गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज नामांकन पत्रों की जांच में चौदह उम्मीदवारों के पर्चे रद्द कर दिये गए। जनशक्ति जनता दल की वीणा मानवी का भी पर्चा रद्द हो गया है। उपचुनाव के लिए कुल चालीस उम्मीदवारों ने अपने पर्चे दाखिल किये थे। प्रमुख उम्मीदवारों में एनडीए की ओर से भाजपा के नीरज कुमार, राजद से रेखा कुमारी और जन सुराज पार्टी से प्रशांत किशोर शामिल हैं। प्रत्याशी सोलह जुलाई तक नामांकन वापस ले सकते हैं। इसके बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे। उपचुनाव के लिए मतदान तीस जुलाई को होगा। मतों की गिनती तीन अगस्त को की जायेगी।

———————————————————————

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार की जीत का दावा किया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार को किसी भी दल से कोई चुनौती नहीं है।

——साउंड बाइट——

इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में जनसमर्थन है।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

पटना जिला प्रशासन ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया है। जिलाधिकारी सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुंदन कुमार ने अधिकारियों को पिछले चुनावों में कम मतदान वाले बूथों की पहचान कर वहां विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। श्री कुमार ने बताया कि बूथ स्तर के अधिकारी घर–घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे और मतदान के लिए जागरूक करेंगे। गौरतलब है कि वर्ष दो हजार पच्चीस के

विधानसभा चुनाव में बांकीपुर में मतदान प्रतिशत इकतालीस रहा था, जो राज्य के औसत से काफी कम था।

———————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने चारा घोटाले के एक मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की जमानत रद्द करने से इंकार कर दिया है। सीबीआई ने लालू प्रसाद की जमानत रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। साथ ही न्यायालय ने झारखंड उच्च न्यायालय के उस आदेश में भी हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया, जिसके तहत लालू प्रसाद को जमानत मिली थी। न्यायालय ने राजद अध्यक्ष की लंबित आपराधिक अपील पर झारखंड उच्च न्यायालय को छह महीने के अंदर सुनवाई पूरी करने को कहा है। यह मामला देवघर कोषागार से अवैध निकासी का है।

———————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि कमजोर मानसून को देखते हुए विकसित भारत जी राम जी के श्रमिकों को खरीफ की खेती को लेकर छूट दी जाएगी। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री कुमार ने बताया कि कम बारिश वाले जिलों में लीन पीरियड यानि काम के दिनों में बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रभावित जिलों में उन्नीस जुलाई तक विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत काम कराया जा सकेगा।

——साउंड बाइट——

संशोधन के बाद शेखपुरा, मुंगेर, लखीसराय, जमुई, भागलपुर और बांका में दस अगस्त तक लीन पीरियड प्रभावी रहेगा। वहीं, रोहतास, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, अरवल, पटना, जहानाबाद, नवादा, नालंदा, औरंगाबाद और गया में यह पीरियड नौ अगस्त तक माना जाएगा।

———————————————————————

गृह विभाग ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को शीघ्र विकास प्रस्ताव तैयार कर भेजने का निर्देश दिया है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में शिक्षा, सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, पर्यटन, संचार और अन्य आधारभूत सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप विस्तृत कार्ययोजना बनाने को कहा गया। बैठक में

औरंगाबाद की जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा भी शामिल हुए।

————————————————————————

ईरान–अमेरिका के बीच जारी सैन्य संघर्ष की चपेट में आने से गोपालगंज जिले के एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान थावे बाजार निवासी रोहन कुमार के रूप में हुई है, जो दुबई में एक मर्चेंट शिप कंपनी में कार्यरत थे। मृतक के भाई आलोक कुमार ने बताया कि जहाज पर हुए मिसाइल हमले में उनकी मौत हुई है। उन्होंने बताया कि रोहन कुमार लगभग बीस दिन पहले ही घर से ड्यूटी पर गए थे।

——साउंड बाइट——

————————————————————————

पटना के चर्चित बंटी यादव हत्याकांड में चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। जिन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई हुई है, उनमें तीन एएसआई और गृह रक्षा वाहिनी का एक जवान शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभागीय जांच के दौरान यह बात सामने आई कि बंटी यादव के अपहरण के समय ये पुलिसकर्मी घटना स्थल के पास मौजूद थे, बावजूद इसके इन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की।

————————————————————————

भोजपुर के चर्चित भरत तिवारी एनकाउंटर मामले की न्यायिक जांच में आज मृतक के छोटे भाई चंदन तिवारी और एक अन्य गवाह ने आयोग के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया। आयोग मामले से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों की क्रमवार पड़ताल कर रहा है। इससे पहले मृतक के माता–पिता समेत अन्य गवाहों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं।

————————————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम चंपारण जिले के चनपटिया में सबसे अधिक एक सौ इकतालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल अररिया और किशनगंज जिले में अत्यधिक भारी बारिश, जबकि

कटिहार, मधुबनी, पूर्णिया और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। राज्य के अन्य जिलों में भी बारिश की संभावना है।

——साउंड बाइट——

———————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते गंडक, बागमती, कमला बलान और कोसी नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी की प्रवृति बनी हुयी है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज में खतरे के निशान से एक सौ दो सेंटीमीटर ऊपर चला गया है। बागमती नदी रून्नीसैदपुर में लाल निशान से लगभग सौ सेंटीमीटर, कमला बलान झंझारपुर में एक सौ बीस सेंटीमीटर और कोसी नदी खगड़िया के बलतारा में एक सौ तेरह सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, महानंदा, परमान और अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। इधर, हमारी सहरसा संवाददाता ने बताया कि जिले के बनमा ईटहरी प्रखंड अंतर्गत सहुरिया पंचायत में परसाहा कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने से रामपोखर और भेड़हा गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से पूरी तरह कट गया है।

———————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी प्रखंड के अंचलाधिकारी प्रभात कुमार को निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने गिरफ्तार किया है। निगरानी की अदालत ने पिछले वर्ष दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

———————————————————————————

भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का उद्भेदन किया है। मौके से तीन अपराधियों को चोरी की मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

———————————————————————————

शिवहर स्थित यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक संतोष कुमार को पुलिस ने एक लाख छियानवे हजार रुपये धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

खगड़िया पुलिस ने पच्चीस हजार रुपये के ईनामी अपराधी सतीश यादव को गोगरी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था।

———————————————————————————

किशनगंज जिले के सुखानी थाना क्षेत्र अंतर्गत कादोगांव रेलवे ब्रिज के पास से एसएसबी और पुलिस की टीम ने तीन सौ छब्बीस ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रदेश में आज से राज्य स्तरीय सहयोग शिविर की शुरूआत। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्वयं सुनीं लोगों की शिकायतें।

02. बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए छब्बीस उम्मीदवारों के पर्चे वैध पाये गए। जनशक्ति जनता दल की वीणा मानवी समेत चौदह उम्मीदवारों के पर्चे रद्द।

03. ईरान–अमेरिका के बीच जारी सैन्य संघर्ष की चपेट में आने से गोपालगंज के एक युवक की मौत। दुबई में मर्चेंट शिप पर तैनात था युवक।

04. और, मौसम विभाग ने अररिया, किशनगंज, कटिहार, मधुबनी, पूर्णिया और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।